सत्यमेव जयते

# भारत सरकार
## अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
## हज कमेटी ऑफ इंडिया

### हज–2026 के लिए घोषणा

हज कमेटी ऑफ इंडिया, इच्छुक हज यात्रियों से हज–2026 के लिए ऑनलाइन हज आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करती है, जो हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in और मोबाइल एप्लिकेशन "हज सुविधा" (आईफोन और एंड्रॉइड डिवाइस दोनों के लिए) पर उपलब्ध है। आवेदन विंडो 07 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 (रात 11:59 बजे) तक खुली रहेगी।

2. आवेदकों को आवेदन जमा करने से पहले दिशा–निर्देश तथा शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। हज आवेदन के लिए मशीन–पठनीय भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट आवश्यक है। पासपोर्ट, आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को या उससे पहले का जारी किया हुआ होना चाहिए उसकी वैधता कम से कम 31 दिसंबर 2026 तक होनी चाहिए।

3. किसी भी आधार पर हज आवेदन का रद्दीकरण (हज यात्री की मृत्यु या गंभीर चिकित्सा बीमारी के मामलों को छोड़कर) करने पर दंड भरना होगा जिस से आवेदक को वित्तीय नुकसान हो सकता है। इसलिए हज यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हज यात्रा करने के लिए अपनी तैयारी और प्रतिबद्धता पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद ही आवेदन करें।

(**शानवास सी**, आईएएस)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी